कामगारों ने 6 खानों को नवीनीकृत किए जाने की योजना प्रस्तुत की है। इन योजनाओं पर एक बैठक में विचार-विमर्श किया गया था जिसमें इन 6 खानों की कार्यकाल की अवधि को बढ़ाए जाने के संबंध में कुछ निर्णय लिए गए थे। इन निर्णयों की तथा इनके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि० की है और सरकार की इस मामले में परोक्ष रूप से कोई भूमिका नहीं है।

कोल इंडिया लि० द्वारा वैगन क्षमता का उपयोग न कर पाने के संबंध में समाचार

5831. **श्रीमती सुषमा स्वराजः**
श्री राम जेठमलानीः

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ध्यान 27 फरवरी, 1995 के दैनिक आब्जर्वर में "सी०आई०एल० एक्यूजड ऑफ नॉट यूटीलाइजिंग वैगन कैपेसिटी" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि कोयला लदान की समुचित व्यवस्था न होने के कारण रेलवे के वैगन बेकार पड़े हैं और वर्ष 1994-95 के दौरान कोल इंडिया लि० द्वारा निर्धारित मात्रा में कोयला ढोने के लक्ष्य को पूरा नहीं किया गया है;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या कोल इंडिया लि० और कोयला उद्योग में कार्यरत सरकारी क्षेत्र की अन्य संस्थानों द्वारा वर्ष 1994-95 के लिए कोयला भेजने के निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसकी लक्ष्य मात्रा कितनी थी और वास्तव में कुल कितनी मात्रा में कोयला भेजा गया और 31 मार्च, 1995 की स्थिति के अनुसार कोयला खानों के मुहानों पर कोयले का कितना भंडार पड़ा था?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) कोयल कंपनियों द्वारा कोयले का लदान रेल वैगनों से किए जाने के लिए उपयुक्त रूप में व्यवस्था कर दी गई है। वर्ष 1994-95 के दौरान कोल इंडिया लि० द्वारा वैगनों की दैनिक औसत पेशकश/मांग 17/398 चार पहियों वाले वैगन (एफ०डब्लू०डब्लू०) की थी, जबकि रेलवे ने केवल 17,053 चार पहिया वैगन आवंटित की थी। इसके अलावा, कोलियरियों पर वैगनों की औसत दैनिक आपूर्ति केवल 16,047 चार पहिया वैगन (एफ०डब्लू०डब्लू०) थी। वर्ष 1994-95 के बाद की छमाही के दौरान रेलवे द्वारा वैगनों की आपूर्ति में इच्छित स्तर तक वृद्धि नहीं हुई है। इसके परिणामस्वरूप कोयला कंपनी न केवल लदान की कमी को ही पूरा कर सकी, जोकि वर्ष 1994-95 की प्रथम छमाही में अधिक वर्षा के कारण हुई थी, बल्कि यह अपने लक्ष्यों को भी प्राप्त नहीं कर सकी।

(घ) और (ङ) को०ई०लि० से प्राप्त सूचना के अनुसार को०इ०लि० के अंतर्गत कोयला कंपनियों का वर्ष 1994-95 के लिए प्रेषण लक्ष्य 228.10 मि०टन था, जबकि इसकी तुलना में वास्तविक आपूर्ति 219.48 मि० टन की गई थी, लक्ष्य की तुलना में आपूर्ति लगभग 96.2% थी। पिटहैड को०इ०लि० के पास 31.3.1995 की स्थिति के अनुसार पिटहैड स्टाक 44.91 मि० टन (अनंतिम) होने की सूचना मिली है।

कोल इंडिया लिमिटेड का विक्रय लक्ष्य

5832. **श्रीमती सुषमा स्वराजः**
श्री राम जेठमलानीः

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा वर्ष 1994-95 के लिए कोयले की बिक्री का लक्ष्य निर्धारित किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कोल इंडिया लि० द्वारा निर्धारित किया गया लक्ष्य प्राप्त किया जा सका है;

(ग) यदि नहीं, तो वास्तव में कितनी मात्रा में कोयला भेजा जा सका था;

(घ) क्या यह भी सच है कि रेलवे के वैगनों का समय पर उपयोग न कर पाने के कारण कम्पनी को वर्ष 1994-95 के दौरान रेलवे को हर्जाने के रूप में धनराशि का भुगतान करना पड़ा था; और

(ङ) यदि हां, तो वर्ष भर में कुल कितने रेलवे वैगनों की मांग की गई और कितने वैगन उपयोग में लाए गए तथा उक्त अवधि में कितने वैगनों का उपयोग न कर पाने हेतु हर्जाना देना पड़ा था?